## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलेक्टर, करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)

पीठासीन अधिकारी :- रेखा गुर्जर, आर.ए.एस.
मुकदमा नम्बर 57/2026, प्रार्थनापत्र

1. श्रीमती पारसी देवी पत्नी पन्ना लाल जाति तेली आयु वयस्क निवासी- मियाफलास का खेडा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)

---- प्रार्थी

**बनाम**

1. अणछी देवी पत्नी आसुराम जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी-गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
2. ऐजी पत्नी सोहन लाल जाति शर्मा आयु वयस्क निवासी- उदयराम जी का गुढा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
3. गोपी लाल पुत्र मांगी लाल जाति तेली आयु वयस्क निवासी- खुमाणपुरा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
4. डालचन्द पुत्र मांगी लाल जाति तेली आयु वयस्क निवासी- खुमाणपुरा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
5. दिनेश कुमार वैष्णव पुत्र प्रभुदास वैष्णव जाति बैरागी आयु वयस्क निवासी- चिलेश्वर तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
6. नैनाराम पुत्र रामा जाति तेली आयु वयस्क निवासी- खुमाणपुरा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
7. पन्ना लाल पुत्र नंगजीराम जाति तेली आयु वयस्क निवासी- मियाफलास का खेडा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
8. मेमा देवी पत्नी केशवचन्द जाति गुर्जर आयु वयस्क निवासी- उदयराम जी का गुढा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
9. मियाराम पुत्र नंगजीराम जाति तेली आयु वयस्क निवासी- मियाफलास का खेडा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
10. लीला देवी पत्नी शंकर लाल जाति रेबारी आयु वयस्क निवासी- राजपुरा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
11. लीला व्यास पत्नी केवलराम जाति शर्मा आयु वयस्क निवासी- कोशिथल तहसील सहाडा जिला भीलवाड़ा (राज0)
12. शंकर लाल पुत्र मांगी लाल जाति तेली आयु वयस्क निवासी- खुमाणपुरा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
13. सोहन लाल पुत्र वंशीलाल जाति शर्मा आयु वयस्क निवासी- उदयराम जी का गुढा तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)
14. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार साहब, करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)

------ विपक्षीगण

**प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा- 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम**

उपस्थित :-
श्री अशोक कुमार लखारा -अधिवक्ता प्रार्थीया
एकपक्षीय -विपक्षी संख्या 01लगायत 13
पैरोकार सरकार -विपक्षी संख्या14

**:: निर्णय ::** दिनांक- 11.05.2026

प्रार्थीया के द्वारा विपक्षीगण के विरुद्ध एक आवेदनपत्र अन्तर्गत धारा- 251-ए राज0 टिनेन्सी एक्ट तहत प्रस्तुत कर सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) मे खाता संख्या 154 मे वर्णित आराजी नम्बर 604/528 किता 01 रकबा .616 हैक्टयर भूमि स्थित है। जो कि प्रार्थीया के नाम पर खातेदारी हक अधिकार से दर्ज होकर

उपखण्ड अधिकारी पदेन सहायक कलेक्टर करेड़ा

प्रार्थीया का ही कब्जा एवं उपयोग उपभोग चला आ रहा है। प्रार्थीया की उक्त आराजी मे आने जाने का एकमात्र रास्ता जो कि विपक्षीगण 01 लगायत 13 की आराजी नम्बर 601/528 से होकर जाता है, उक्त आराजी सम्पूर्ण रास्ते को दर्ज कराया जावे।

प्रार्थीया का आवेदन प्रस्तुत होने पर पंजीबद्ध किया गया व विपक्षीगण को सम्मन नोटिस तामिल होने के पश्चात विपक्षीगण अनुपस्थित हुए व प्रकरण मे मौके का निरीक्षण कर प्रार्थीया की आराजियात पर प्रस्तावित रास्ता है अथवा नही या वैकल्पिक रास्ता भी उपलब्ध है या नही, इस तथ्यात्मक रिपोर्ट तहसीलदार करेड़ा से मंगवाई जाने की आदेशिका पारित की।

प्रार्थीया के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। प्रार्थीया के अधिवक्ता द्वारा आवेदनपत्र मे वर्णित तथ्यो को दोहराते हुए राजस्व अभिलेख , नक्शा ट्रेस एवं तहसीलदार द्वारा तैयार कराई मौका निरीक्षण रिपोर्ट की ओर इस न्यायालय का ध्यान आकर्षित कर प्रस्तावित रास्ता के अतिरिक्त अन्य कोई रास्ता प्रार्थीया को आराजियात पर आने जाने , संज बैलगाडी एंव कृषि उपकरण लाने ले जाने के कृषि कार्य का कोई वैकल्पिक रास्ता न होना रिपोर्ट से दृष्टिगत होता है। तहसीलदार द्वारा प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीया एवं विपक्षी संख्या 01 लगायत 13 के नाम पर कर सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) मे खाता संख्या 154 मे वर्णित आराजी नम्बर 604/528 किता 01 रकबा 0.0618 हैक्टयर भूमि दर्ज रेकार्ड है। मौका रिपोर्ट अनुसार प्रस्तावित रास्ता प्रार्थीया की आराजी पर आने जाने हेतु विपक्षीगण की सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) आराजी नम्बर 601/528 रकबा 0.0553 हैक्टयर को सम्पूर्ण रास्ते मे ली जाने वाली भूमि का बाजार मूल्य डी.एल.सी. रेट की दुगुनी राशि जो विपक्षीगण को देय है, प्रार्थीया अदा करने को तैयार है।

मैने प्रार्थीया के अधिवक्ता की बहस सुनी। पत्रावली पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन किया , प्रार्थीया की सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) ) मे खाता संख्या 154 मे वर्णित आराजी नम्बर 604/528 किता 01 रकबा 0.0618 हैक्टयर भूमि मे आने जाने के लिए विपक्षीगण 01 लगायत 13 की सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) आराजी नम्बर 601/528 रकबा 0.0553 हैक्टयर सम्पूर्ण भूमि रास्ते के रूप मे दर्ज किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीया का प्रार्थनापत्र स्वीकार योग्य ठहरता है। अत एव

:: **आदेश** ::

प्रार्थीया का आवेदन स्वीकार कर प्रार्थीया के सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) ) मे खाता संख्या 154 मे वर्णित आराजी नम्बर 604/528 किता 01 रकबा 0.0618 हैक्टयर भूमि मे आने–जाने के लिए एकमात्र रास्ता जो विपक्षीगण 01 लगायत 13 की सरहद खुमाणपुरा पटवार हल्का गोरख्या भू अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र गोरख्या तहसील करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0) आराजी नम्बर 601/528 रकबा 0.0553 हैक्टयर सम्पूर्ण भूमि मे रास्ता प्रार्थीया की आराजी नम्बर 604/528 पर कृषि कार्य हेतु आने जाने का रास्ता दिया जाना स्वीकार किया जाता है तथा इसी भांति राजस्व नक्शा मे भी रास्ता कायम करने की आज्ञा पारित की जाती है। इस आदेश की पालना मे तहसीलदार, करेड़ा को तहरीर इस निर्देश के साथ जारी की जावे कि रास्ते के लिए आरक्षित की जाने वाली 0.0553 हैक्टयर भूमि की डी.एल.सी. दर से दो गुणा मूल्य प्रार्थीया से वसूल कर विपक्षी सख्या 01 लगायत 13 को क्षतिपूर्ति हेतु अदा की जावे।

यह आदेश आज दिनांक 11.05.2026 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(रेखा गुर्जर)<br>
आर.ए.एस.<br>
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर,<br>
करेड़ा जिला भीलवाड़ा (राज0)